Title: Need to open branches of Allahabad Bank in Salempur and Deoria districts of U.P.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, सदन में मैंने अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में कई क्षेत्रों में बैंक न होने की बात उठाई थी, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के कई क्षेत्रों में इलाहाबाद बैंक की शाखाओं की स्थापना किये जाने के बारे में एक सर्वे हुआ था। सर्वे के बाद यहां पर देवरिया जिले के शिवधरिया एवं मेहरौना एवं अन्य क्षेत्र के बनकटा, रामपुर बुजुर्ग, इटछुबा - चंदौली में इलाहाबाद बैंक की शाखाएं खोलने की अनुशंसा की गयी थी। रपट में यह भी बताया गया कि बैंकों की शाखाएं खोलने हेतु उक्त स्थान अत्यंत उपयुक्त है। इन क्षेत्रों के आसपास कोई भी बैंक शाखाएं नहीं हैं, जिसके कारण यहां के पिछड़े क्षेत्रों में किसानों एवं गरीब लोगों के बचत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और यहां के लोगों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास अवरूद्ध है1

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त क्षेत्रों में इलाहाबाद बैंक की स्थापना की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाये।